# चोरी के पांच मामलों का पर्दाफाश

**खास बातें**
- 10 .60 लाख का मशरूका किया बरामद
- चोरों का अंतर जिला गिरोह पकड़ाया
- सूने घरों को निशाना बनाते थे आरोपी



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 4 अक्टूबर, सिरोंज पुलिस ने पांच चोरी के मामलों का खुलासा किया है. पुलिस ने अयोध्या बस्ती, पार्क सिटी और गोकुल धाम कॉलोनी में हुई चोरी की वारदातों का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने मामले में चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह को पकड़ा है. वही आरोपियों से करीब 10 लाख 60 हजार का मशरूका भी बरामद किया है. पुलिस ने मामलों में करीब 180 सीसीटीवी फुटेज खंगालने तथा तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से सफलता हासिल की है. जानकारी के अनुसार आरोपी सूने घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे.**

## इन वारदातों का किया खुलासा

पुलिस ने 24 जून 2025 को अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी दलन कुशवाह के हुई चोरी के मामले में करीब 1 लाख 20 हजार रूपये बरामद किये. वही 9 अगस्त से 11 अगस्त के बीच वार्ड 21 पार्क सिटी सिरोंज निवासी अमर सिंह कुशवाह के हुई चोरी की वारदात के मामले में 4 लाख रूपये, 10 सितंबर को अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी नारायण सिंह के हुई चोरी की वारदात के मामले में 2 लाख रूपये, 16 अक्टूबर को पार्क सिटी सिरोंज निवासी याकूब अब्बासी के हुई चोरी की वारदात के मामले में 2 लाख 20 हजार रूपये तथा 16 अक्टूबर को ही गोकुलधाम कॉलोनी सिरोंज निवासी श्याम सुंदर कुशवाह के हुई चोरी की वारदात के मामले में 1 लाख 20 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया है. पुलिस ने इन 5 चोरी के मामलों में सोने-चांदी के आभूषण एवं एक मोटरसाइकिल सहित कुल 10 लाख 60 हजार का मशरूका बरामद किया है.

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिरोंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.

## सूने घरों को निशाना बनाकर वारदात को देते थे अंजाम

जानकारी मिली है कि आरोपी रात के समय सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. मामले में पुलिस ने 180 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने, तकनीकी विश्लेषण की सहायता से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई. पुलिस को जानकारी मिली है कि सिरोंज निवासी फारूख पहले मकानों की रैकी करता था. जिसके बाद वह भोपाल स्थित साथियों को बुलाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डावर के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने चोरों के अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश कर मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामलों में पुलिस ने आरोपी अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी उमर फारूख उम्र 35 वर्ष व अफजल कॉलोनी जिंसी चौराहा, भोपाल निवासी मोहम्मद मियां उम्र 27 वर्ष एवं न्यू आरिफ नगर, बैरसिया रोड, भोपाल निवासी नईम अली उम्र 28 वर्ष तथा वार्ड 21 अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी फरीद उम्र 28 वर्ष को पकड़ा है. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार राय, उप निरीक्षक आर.के. दोरहे, सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र लोधी, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक सचिन सोनी, आरक्षक गिरजेन्द्र, आरक्षक विष्णु, आरक्षक गुलशन, आरक्षक रवि, आरक्षक मुकेश की सराहनीय भूमिका रही.

### जनता ने ली राहत की सांस

क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से हो रही चोरी की वारदातों से लोगों में भय माहौल था. क्षेत्र में चोर लगातार लोगों के घरों को निशाना बना रहे थे. जिससे लोगों में भय एवं नाराजगी थी. लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा रहे थे. वही अब क्षेत्र में हुई पांच चोरी के मामलों का खुलासा होने से लोगों ने राहत की सांस ली है. लोगों को उम्मीद है कि क्षेत्र में सक्रिय चोरों के गिरोह का पर्दाफाश होने से अब चोरी की वारदातों पर अंकुश लग सकेगा. वहीं क्षेत्र में हुई 5 चोरियों के मामलों का खुलासा करने एवं मामलों के आरोपियों को पकड़ने पर लोगों ने सिरोंज पुलिस की प्रशंसा की है.

# जहरीला पदार्थ खाने वाली महिला की मौत

**पुलिस की मौजूदगी में हुआ दाह संस्कार**



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 4 नवम्बर, रविवार शाम को पुलिस थाना के पीछे रहने वाले कृष्णकांत ठाकुर की 19 वर्षीय पत्नी जयंती ठाकुर ने जहरीला पदार्थ खा लिया था.परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल विदिशा पहुँचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया. इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई.कृष्णकांत और जयंती की लगभग 1 साल पहले ही लव अफेयर के बाद कोर्ट मैरिज हुई थी और दोनों पहले से ही आपस में रिश्तेदार हैं.**

मंगलवार को जब शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तो बीना निवासी मायके पक्ष ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए शव को श्मशान घाट ले जाने से रोक दिया.

स्थिति बिगड़ते देख पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेई अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया1पठारी पुलिस के अनुसार, शव का पोस्टमार्टम हो चुका है, मर्ग कायम किया गया है, और मामले की जांच जारी है.

## सिरोंज में फिर हुई बूंदाबांदी

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिरोंज शहर में मंगलवार को दोपहर में एक बार फिर बूंदाबांदी हुई. वही क्षेत्र में दिन में आसमान में बादल दिखे. आसमान में दिनभर बादलों में सूरज की लुकाछुपी का दौर चलता रहा. बूंदाबांदी के बाद तापमान में कमी आई.क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से मौसम में बार-बार बदलाव दिख रहा है. क्षेत्र में कई बार आसमान में बादल छा जाते है. और बूंदाबांदी एवं बारिश होने लगती है. तो कई बार धूप निकलने लगती है. क्षेत्र में पूर्व में हुई बारिश एवं बूंदाबांदी के बाद बीते दो तीन दिन से मौसम साफ दिख रहा था. जिसके बाद मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली. तथा सिरोंज में दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई.

## भारी-भरकम बिजली बिलों से उपभोक्ता परेशान

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** नगर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता भारी-भरकम बिलों से परेशान हैं.उपभोक्ताओं का कहना है कि लगभग पांच महीने पहले तक बिजली बिल घर के हिसाब से आते थे, लेकिन जैसे ही नए मीटर रीडर और नए मीटर लगाए गए हैं, तब से मनमाने बिल आने लगे हैं.गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है.स्थानीय निवासी जितेंद्र रंजक, राकेश कुशवाहा ने बताया कि वे दिनभर मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं, घर में दिन में बिजली बंद रहती है, और रात को केवल कुछ देर के लिए लाइट जलती है फिर



भी हर महीने बिल हजार रुपए से ऊपर आ रहा है.लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर भेदभाव का आरोप लगाया है जब इस बारे में मीटर रीडर से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते, बिल ऊपर से ही बनते हैं.ऐसे में आम उपभोक्ता उलझन में हैं कि आखिर भारी-भरकम बिलों की यह परेशानी कब कम होगी.

**एक नजर में**

### 4 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,**म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. सिरोंज शहर के सहायक प्रबंधक ने बताया कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिरोंज से निकलने वाले 11 के.व्ही. पॉवर हाउस फीडर एवं 11 के.व्ही. भारत ओमान फीडर का 5 नवंबर बुधवार को 33 के.व्ही. इंटर कनेक्शन लाईन के पोल इरेक्शन का कार्य होने के कारण रखरखाव कार्य किया जाना है. जिस कारण 11 के.व्ही. पॉवर हाउस एवं भारत ओमान फीडर की सप्लाई सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी. इस कारण से किडी, कटरा, कठाली बाजार, छत्री चौराहा, बामोरा रोड, सिकंदरपुरा, अर्थ रेसिडेंसी इत्यादि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

### भक्तों ने किया नगर कीर्तन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिंधी समाज द्वारा पूज्य गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को नगर कीर्तन किया गया. जो स्थानीय रावजी पथ स्थित गुरूद्वारा से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकला. नगर कीर्तन में पूज्य गुरूनानक देव जी के चित्र को आकर्षक रूप से सजे रथ में विराजित किया गया था. वही भक्त नगर कीर्तन करते हुए चल रहे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. बुधवार को पूज्य गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया जावेगा. इस मौके पर सुबह नगर कीर्तन होगा. वही गुरुद्वारे में प्रात: 11 बजे से कथा कीर्तन प्रारंभ होगा. वही दोपहर 12 बजे आरती अरदास तथा दोपहर 1.30 बजे से लंगर प्रसादी का आयोजन किया जावेगा. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण करेंगे.

# भगवान विष्णु की प्रतिमा भगवान भरोसे

**ग्रामीणों ने संभाली धरोहर की जिम्मेदारी**

**नवभारत न्यूज**
**सांची, नगर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित ऐतिहासिक नागौरी पहाड़ी पर आज भी भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा ग्रामीणों की आस्था और जिम्मेदारी के सहारे सुरक्षित है.जहां एक ओर इस क्षेत्र के पुरातात्विक अवशेषों की देखरेख का दायित्व पुरातत्व विभाग पर है, वहीं**



**विभाग की उदासीनता के कारण यह अमूल्य धरोहर वर्षो से भगवान भरोसे है.**

जानकारी के अनुसार, नागौरी पहाड़ी अपने भीतर अनेक ऐसे पुराअवशेष समेटे हुए है जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव के प्रमाण हैं.इसी पहाड़ी पर भगवान विष्णु की एक प्रतिमा वर्षों से जर्जर अवस्था में थी.ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रतिमा के टूटे हुए अंगों को जोड़कर पुन: उसका स्वरूप तैयार किया और प्रतिमा को खड़ा किया.तब से लेकर आज तक गांव के लोग अपनी पीढ़ियों से इस प्रतिमा को अपनी विरासत मानते हुए उसकी सुरक्षा और पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं. न केवल सुरक्षा, बल्कि तीज-त्योहार पर साफ-सफाई और धार्मिक आयोजन भी ग्रामीण ही करते हैं. उनके लिए यह प्रतिमा केवल आस्था नहीं, बल्कि पूर्वजों से मिली ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है.

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने वर्षों पहले इस धरोहर को बचाने का बीड़ा उठाया था, लेकिन आज तक पुरातत्व विभाग ने इस स्थल की सुध नहीं ली. बावजूद इसके, गांव के लोग अपने पूर्वजों की परंपरा और जिम्मेदारी को आज भी जीवंत रखे हुए हैं.जब विभाग मौन रहते हैं, तब भी जनता की श्रद्धा इतिहास की रक्षा करती है.

# जनपद पंचायत के नवीन भवन के लिये 5 करोड़ स्वीकृति

**मंत्री पटेल के निवास पर पहुंचकर किया सम्मान**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी द्वारा जनपद पंचायत बासौदा के नवीन जनपद पंचायत भवन हेतु 5 करोड़ की राषि स्वीकृत की है. इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत बासौदा की अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेन्द्रसिंह रघुवंशी द्वारा मंत्री श्री पटेल के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया है.**

ज्ञात हो कि विगत दो माह पूर्व मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनपद पंचायत बासौदा में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पंच, सरपंच संवाद



कार्यक्रम में जनपद भवन को देखा था एवं तत्समय ही नवीन भवन की घोषणा की थी. जब यह भवन बन कर तैयार होगा तो निश्चित ही इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा तथा आधुनिक तकनीकी से लेस होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य करने में सुगमता होगी.जनपद पंचायत बासौदा को नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने एवं इस उपलब्धि के लिए श्रीमती नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंषी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी, क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल व क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी जी का आभार व्यक्त किया है.

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिये निकाली ध्वज यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** 24 नवंबर से 6 दिसंबर तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आज सिरोंज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली गई.श्रीधाम बासौदा दरबार समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम कथा एवं पंचगुंडात्मक श्री रूद्र महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए सिरोंज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई.नौलखी मंदिर के महंत श्री राम मनोहर दास जी, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी, पंडित गुरुदेव हरिनारायण पाठक, यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने पूजा अर्चन की.संजय पाठक, अरविंद अवस्थी सहित अन्य आचार्यो द्वारा पूजा अर्चन करवाई गई.इसके बाद ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई.ध्वज यात्रा सिरोंज चौराहे से प्रारंभ होकर गांधी चौक, राजेंद्र नगर होती हुई, श्रीधाम बासौदा दरबार पहुंची.मंदिर प्रांगण और कार्यक्रम स्थल पर मंहतों के आतिथ्य में ध्वजों की विधि विधान से पूजन अर्चन कर ध्वज लगाएं गए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण, श्रद्धालु और भक्तगण मौजूद रहें.

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई.जिसमें जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत व सम्मान किया. इसी दौरान दिल्ली में आयोजित होने वाले पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में शामिल होने की अपील की.**

मां शीतला धर्मशाला में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई.जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने की.इस दौरान बैठक में दिल्ली के जंतर मंतर में 9 नवंबर को आयोजित होने वाले पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को लेकर गहन चर्चा की गई.जिसमें शामिल होने की अपील की गई. विदिशा जिले से 500 शिक्षकों को शामिल होने का लक्ष्य रखा है.ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल की अनुशंसा पर ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी घोषित की.जिसमें उपाध्यक्ष जन शिक्षक सौदान सिंह अहिरवार, राकेश मीणा, बाबू सिंह लोधी, गोपाल सिंह दांगी, श्रीमती अनीता साहू, सचिव रेवाराम सेन, कोषाध्यक्ष जन शिक्षक शंभू सिंह अहिरवार, संयोजक नारायण सिंह दांगी, उर्मिला शर्मा, सहसंयोजक श्रीमती उर्मिला शर्मा, चंद्रभान सिंह दांगी, अभिषेक राय, रामबाबू रघुवंशी, प्रकाश बाबू अहिरवार, प्रवक्ता श्रीमती नोनी प्रजापति, अंकित रघुवंशी, जन शिक्षक अमित श्रीवास्तव को ब्लॉक स्तरीय दायित्व प्रदान किया गया.जिन्हें पुष्प माला पहनकर बधाई दी.आगामी बैठक में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर प्रजापति ने किया. इस दौरान भगवती प्रसाद सक्सेना, नारायण सिंह रघुवंशी कक्का, अरुण रघुवंशी मनोज नामदेव, नवल दास कोरी, स्वरूप सिंह मोंगिया, रामकृष्ण साहू सहित कई शिक्षक मौजूद थे.



# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हुई प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में 1 नवंबर से 3 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. इस दौरान महाविद्यालय में तीन दिवस आकर्षक विद्युत सजावट एवं रोशनी की गई. वही महाविद्यालय में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगितायें हुई. इस मौके पर 1 नवंबर को महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया. इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम कान्हा यादव, द्वितीय शीतल नगीना एवं तृतीय सुमन जाटव रही. वही 2 नवंबर को महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक सन्दर्भ में विचार प्रस्तुत किये गये. इसी श्रृंखला में 3 नवंबर को संपन्न हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम निशा नामदेव, द्वितीय रिषिता साहू एवं तृतीय निधि साहू रही. मध्यप्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम उदित शर्मा, द्वितीय निशा नामदेव तथा तृतीय वैष्णवी बघेल रही. कार्यक्रम के दौरान स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में साफ-सफाई की गई.

**आयोजन** | **3600 किमी की नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालु, ओंकारेश्वर से होगी शुरुआत**

# 15 दिवसीय परिक्रमा के साथ होगा नर्मदा पुराण कथा वाचन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,मां नर्मदा के जय घोष के साथ मंगलवार को नगर के भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में दो बसों के माध्यम से 80 से अधिक तीर्थ यात्री भक्ति, श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत होकर, पवित्र नदी मां नर्मदा जी की यात्रा पर ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए जहां से 5 नवंबर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदाजी पूजन के साथ परिक्रमा प्रारंभ करेंगे.15 दिवसीय यात्रा में परिक्रमा के साथ-साथ नर्मदा पुराण की कथा का भी श्रवण तीर्थ यात्रियों को कराया जाएगा. परिक्रमा के दौरान तीर्थ यात्री माँ नर्मदा के तटों को प्रणाम करते हुए करीब 3600 किलो मीटर लंबी तपो यात्रा पूरी कर 20 नवंबर को नगर में वापसी करेंगें.**




मालूम हो कि नर्मदा भारत की एक मात्र ऐसी नदी है जिसकी वेद शास्त्रों में परिक्रमा के साथ-साथ उसके दर्शन और स्नान का विशेष फलदायी महत्व बताया है. इसलिए सनातन धर्म में मां नर्मदा के प्रति श्रद्धालुओं में अटूट श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव दिखाई देता है.देवउठनी ग्यारस के बाद नर्मदा जी की परिक्रमा प्रारंभ हो जाती है, जो वाहनों के अलावा पैदल भी की जाती है. मंगलवार को बरेठ रोड़ रघुवंशी धर्मशाला से बसों के प्रस्थान से पूर्व तीर्थ यात्रियों का परिवार जनों, शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर, तिलक लगाकर और नारियल अर्पित कर विदा किया. परिक्रमा को लेकर तीर्थ यात्रियों की आंखों में मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा, भक्ति के साथ-साथ आस्था और उत्साह दोनों झलक रहे थे.नगर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाज सेवी संगठनों, ने मंगलमय यात्रा की तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं.यात्रा के संयोजक पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने बताया कि भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार द्वारा यह पांचवीं नर्मदा परिक्रमा यात्रा है.शास्त्री जी ने बताया कि नर्मदा माता केवल नदी नहीं, वह स्वयं शिवशक्ति का रूप हैं.जो श्रद्धा से उनकी परिक्रमा करता है, वह जीवन के सारे पापों से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होता है.परिक्रमा पर जा रहे उत्साहित तीर्थ यात्री गणेशराम रघुवंशी पूर्व मंडी सचिव, किशन अग्रवाल, वीरसिंह रघुवंशी नौघई, बी एस रघुवंशी, नरेश साहू, राजकुमार रघुवंशी लालाजी, सतपाल कुशवाह सहित अन्य यात्रियों ने बताया कि वह पहली बार बस से नर्मदा जी की यात्रा कर रहे हैं.

## परिक्रमा के साथ मां नर्मदा के महत्व भी समझेंगे तीर्थ यात्री

यह परिक्रमा भारत में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से 5 नवंबर को मां नर्मदा जी के पूजन अर्चन से प्रारंभ होकर महेश्वर, नेमावर, होशंगाबाद, अमरकंटक होते हुए पुन: ओंकारेश्वर में पूर्णाहुति पाएगी. श्रद्धालु बस द्वारा नर्मदा के तटों के समीप यात्रा करेंगे. प्रत्येक पड़ाव पर नर्मदा पुराण कथा, ध्यान, संकीर्तन और भजन संध्या का आयोजन होगा. पं.भगवान प्रसाद शास्त्री पूरे मार्ग में नर्मदा पुराण का रसपूर्ण वाचन करेंगे. सुबह मां नर्मदा पूजन और बाल भोग के बाद यात्रा प्रारंभ की जाएगी.यात्रा मार्ग में जहां-जहां देव,तीर्थ स्थल होंगे उन सभी का तीर्थ यात्रियों को दर्शन कराए जाएगें. शाम को नर्मदा तट के किनारे जहां पड़ाव होगा, वहाँ प्रतिदिन नर्मदा पुराण का वाचन कर तीर्थ यात्रियों को महात्म सुनाया जाएगा.

## सम्राट अशोक सागर परियोजना की नहरें आज से खुलेंगी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** सम्राट अशोक सागर (हलाली डेम) परियोजना की नहरें बुधवार, 05 नवंबर को खोले जाने का प्रस्तावित है। सम्राट अशोक सागर संभाग क्रमांकद्2 के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी दी कि कमांड क्षेत्र के कृषकों को पूर्व में सूचित किया जा चुका है तथा पुन: आवश्यक सूचनाएं संप्रेषित की गई हैं. उन्होंने बताया कि जिन कृषक बंधुओं को पलेवा हेतु पानी की आवश्यकता है, वे अपने-अपने खेतों को तैयार रखें, ताकि सिंचाई का पूरा लाभ मिल सके.


♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए



**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी)स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/ /25 **:: निविदा प्रकाशन ::** दिनांक 4.11.2025
---00---
रूसा- 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से **फर्नीचर प्रायोगिक टेबल एवं क्रीड़ा सामग्री क्रय** की जाना है। जिसकी खुली निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक **2025_HED_460646_1** एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। जिसकी निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 26.11.2025** है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।
**प्राचार्य**
**रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,विदिशा**